वर्तमान मौसम के दौरान निर्यात के लिए रिलीज की गई 2.95 लाख गांठों की कुल मात्रा में से 31-7-85 तक 1.28 लाख लम्बे स्टेपल वाली रूई की गांठें निर्यात की गई हैं। मध्यम स्टेपल वाली रूई की एक लाख गांठें आयात की जा रही हैं।

(ख) और (ग) रूई परामर्शी बोर्ड द्वारा किए गए अद्यतन मूल्यांकन के अनुसार, वर्तमान रूई मौसम के दौरान लम्बी तथा अधिक लम्बी स्टेपल वाली रूई के उत्पादन में अधिशेष और मध्यम छोटे स्टेपल वाली रूई की कुछ कमी होने की सम्भावना है। इसलिए सरकार द्वारा मध्यम स्टेपल वाली रूई की एक लाख गांठें आयात करने का निर्णय किया गया है। देश/देशों जिनसे रूई आयात की जाएगी हमारी आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूल रूई की उपलब्धता, कीमतों आदि पर निर्भर करेगी।

मांग के मुकाबले कपास का उत्पादन

1904. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या पूर्ति और वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान देश में कपास की मांग के मुकाबले में अनुमानित उत्पादन कितना है ; और

(ख) कपास का उत्पादन बढ़ाने हेतु क्या क्या योजनाएं हैं ?

पूर्ति और वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री चन्द्र शेखर सिंह) : (क) रूई सलाहकार बोर्ड ने अपनी 10 मई, 1985 को हुई अंतिम बैठक में चालू रूई वर्ष के लिये रूई उत्पादन और खपत का अनुमान क्रमशः 92 लाख गांठें तथा 89.40 लाख गांठें लगाया।

(ख) देश में रूई उत्पादन बढ़ाने के लिये, मुख्य उपजकर्ता राज्यों में एक केन्द्रीय प्रायोजित गहन रूई विकास कार्यक्रम कार्यान्वयन के अधीन है। इस योजना के अन्तर्गत, प्रमाणीकृत बीजों पर स्टाक उपदानों के अलावा, एरियल स्प्रेइंग पौध संरक्षण उपस्करों का वितरण, प्रदर्शन तथा उपजकर्ताओं के उत्पादन के लिये व्यय तथा बुनियादी बीज उपलब्ध कराये जाते है। 1985-86 के दौरान 639.57 लाख रु० का एक परिव्यय मंजूर किया गया है, जिसमें भारत सरकार के अंश की राशि 319.97 लाख रु० है।

Constitution of local boards of the State Bank

1905. SHRI C. HARIDAS: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government appoint local representatives from trade, commerce etc. in the local Boards of the State Bank;

(b) if so, how many such Boards have been fully constituted; and

(c) what are the reasons for not constituting the other Boards and by when these are likely to be constituted?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHAN POOJARI): (a) to (c) The State Bank of India Act, 1955 provides for constitution of a Local Board at each place where the bank has a local head office. As on date 13 Local Boards have been constituted at the 13 Local Head Offices of State Bank of India. In term of provisions of Section 21 of the State Bank of India Act, among others, persons having experience in commerce, industry, banking or finance are also eligible for nomination as Members of the Local Boards. All the Local Boards are operative although there are some vacancies in some of the Boards. Necessary action has been initiated to fill up these vacancies.

Growing menace of narcotics across the border

1906. SHRI K. VASUDEVA PANICKER: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the issue of growing menace of narcotics across the border has recently been discussed with the Pakistan Government;